### एक नजर में

## नाश्ता करने रुकी युवती की स्कूटी से मोबाइल चोरी

इंदौर. शहर में मोबाइल चोरी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं. परदेशीपुरा क्षेत्र में एक युवती का मोबाइल स्कूटी की डिक्की से चोरी हो गया. पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. सर्वहारा नगर निवासी आस्था पंवार तीन पुलिया क्षेत्र में नाश्ता करने रुकी थीं. इस दौरान उन्होंने अपना मोबाइल स्कूटी की डिक्की में रख दिया था. नाश्ता कर जब वह वापस लौटीं तो देखा कि डिक्की खुली है और मोबाइल गायब है. किसी अज्ञात बदमाश ने डिक्की खोलकर मोबाइल पार कर दिया. फिलहाल पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच कर रही है, ताकि आरोपी की पहचान की जा सके.

## देपालपुर पुलिस ने पकड़ा गिरोह, 22 लाख का माल बरामद



देपालपुर. देपालपुर पुलिस ने चोरी के मामले में बड़ी सफलता हासिल करते हुए एक आरोपी से लगभग 22 लाख मूल्य की चोरी की गई सम्पत्ति बरामद की है. शुभम नागर द्वारा दर्ज शिकायत के अनुसार मंगलेश्वर मार्ग स्थित श्री धरणीधर कृषि उपकरण की दुकान के बाहर रखी 14,000 मूल्य की पानी की नली 24 जुलाई की रात चोरी हो गई थी. मामला दर्ज कर विवेचना शुरू की गई. पुलिस पूछताछ में आरोपी लाखन गुर्जर (24 वर्ष) निवासी एकताशा ने खुलासा किया कि उसने विभिन्न स्थानों से वाहन एवं कृषि उपकरण चोरी किए. पुलिस ने एक स्वराज ट्रैक्टर, एक आयशर ट्रैक्टर ट्राली सहित, एक मोटरसाइकिल सहित सिंचाई पाइप, पेवर्स एवं अन्य कृषि उपकरण जब्त किए हैं. अब तक शिड ड्रील एवं पंजा जब्त करना शेष है. आरोपी के विरुद्ध धारा 303(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज है. पुलिस टीम में निरीक्षक रणजीतसिंह बघेल, उनि अनिल कटारे, आर. सुनिल, रवि, विरेन्द्र एवं कृष्ण कुमार का सराहनीय योगदान रहा।

## सांवरिया सेठ मंडफिया धाम पैदल यात्रा का शुभारंभ



देपालपुर. तहसील के खटवाड़ी गांव से श्रद्धालुओं ने सांवरिया सेठ मंडफिया धाम (चित्तौड़गढ़) की ओर पैदल यात्रा का भव्य शुभारंभ किया. यह यात्रा लगभग 300-325 किमी की दूरी तय करेगी और 6-7 दिनों तक चलेगी. भेरू जाट गोरा ने बताया कि वे तीसरे वर्ष इस यात्रा में भाग ले रहे हैं. इस बार दीपक सेन, बाबू गुर्जर, अमन पटेल, आनंद जाट, रोहन जाट, राजीव पटेल एडवोकेट सहित कई प्रमुख श्रद्धालु शामिल हैं. यात्रा में तिरंगा लेकर चलने वाले पदयात्री देशभक्ति और एकता का संदेश दे रहे हैं. युवाओं में विशेष उत्साह देखा जा रहा है, और बुजुर्गों की सहभागिता भी उल्लेखनीय है.

## जन जागरूकता अभियान का समापन



महू. सुशीला देवी बंसल कॉलेज ऑफ टेक्नोलॉजी में मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा चलाए जा रहे राज्यव्यापी नशे से दूरी, है ज़रूरी जन-जागरूकता अभियान का समापन समारोह आयोजित किया गया. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अनुराग कुमार पुलिस महानिरीक्षक इंदौर संभाग, विशिष्ट अतिथि निमिष अग्रवाल उप महानिरीक्षक इंदौर संभाग एवं अन्य विशेष अतिथियों में यांगचेन डोल्कर भूटिया पुलिस अधीक्षक, रूपेश कुमार द्विवेदी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, राकेश परमार एसडीएम महू और ललित कुमार सिकरवार एसडीओपी महू प्रमुख रूप से उपस्थित थे. कार्यक्रम की शुरुआत स्वागत भाषण से हुई, जिसमें सुशीला देवी बंसल कॉलेज के निदेशक डॉ. राजेश कुमार चक्रवर्ती ने बंसल ग्रुप के न केवल शिक्षा, बल्कि स्वास्थ्य, निर्माण, मीडिया और रेलवे स्टेशन जैसी विविध क्षेत्रों में योगदान की विस्तृत जानकारी का उल्लेख किया गया. कार्यक्रम के अंतर्गत छात्रों द्वारा नुक्कड़ नाटक और भाषण द्वारा नशा मुक्ति के सन्देश दिए. मुख्य अतिथि अनुराग कुमार तथा यांगचेन डोल्कर भूटिया ने वीडियो के माध्यम से जागरूकता और नशे से दुरी बनाने के सन्देश दिए. सञ्चालन प्रो, रोमेश मकवाना और श्रेयसी श्रीवास्तव ने किये. डॉ. विकेश गुप्ता, डीन ने अतिथियों का आभार माना.

# बातों में उलझाकर एक्टिवा छीनने वाले तीन गिरफ्तार

- मोबाइल सहित करीब दो लाख का माल जब्त
- वारदात का सीसीटीवी व मुखबिर तंत्र से हुआ खुलासा



**नव भारत न्यूज**

**इंदौर.** सरवटे बस स्टैंड के पास एक युवक से एक्टिवा और कीमती मोबाइल छीनने वाले तीन शातिर बदमाशों को छत्रीपुरा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है. पकड़े गए आरोपी वारदात के बाद मोबाइल बेचने की फिराक में थे, तभी पुलिस के हत्थे चढ़ गए. आरोपियों से करीब दो लाख रुपए की लूटी गई संपत्ति बरामद की गई है, जिसमें एक आईफोन, ओप्पो मोबाइल, छीनी गई एक्टिवा और वारदात में प्रयोग बाइक शामिल है.

घटना 24 जुलाई की रात करीब तीन बजे की है. फरियादी विजय कोली निवासी इंद्रानगर मां शारदा के दर्शन कर सरवटे बस स्टैंड के पास नाश्ता कर रहा था, तभी तीन युवक उससे बातचीत करने लगे और साथ चलने की बात कहकर उसकी एक्टिवा नम्बर एमपी 09 -यूयू- 6344 पर सवार हो गए. जब चार खंभा चौराहा के पास पहुंचे, तो पीछे से आ रहे दो अन्य युवक मोटर सायकल से आए और एक्टिवा को लात मारकर रुकवाया. इसी दौरान पीछे बैठे युवक ने विजय को धक्का देकर नीचे गिरा दिया और एक्टिवा लेकर फरार हो गए. एक्टिवा की डिक्की में रखा आईफोन और ओप्पो मोबाइल भी आरोपी साथ ले गए थे. छत्रीपुरा पुलिस ने फरियादी की रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की. घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज और खुफिया सूचना के आधार पर आरोपियों की तलाश की जा रही थी. इसी दौरान सूचना मिली कि एमओजी लाइन की ट्रैक्टर गली में तीन युवक मोबाइल बेचने की फिराक में घूम रहे हैं. घेराबंदी कर तीनों को हिरासत में लिया. रोहित सावले (23) निवासी खरगोन, सुमित सिटोले (9 )निवासी महेश्वर, सावन सोलंकी (19) निवासी धार ने पूछताछ में वारदात करना कबूल कर लिया है. उनके कब्जे से लूटे गए दोनों मोबाइल और वारदात में प्रयोग मोटरसायकल बरामद की गई है, जबकि छीनी गई एक्टिवा पहले ही जब्त की जा चुकी है. थाना प्रभारी छत्रीपुरा के नेतृत्व में गठित विशेष टीम ने यह कार्रवाई डीसीपी ऋषिकेश मीना, एडीशनल डीसीपी दिशेष अग्रवाल और एसीपी हेमंत चौहान के निर्देशन में की. आरोपियों से अन्य झपटमारी और लूट की वारदातों को लेकर पूछताछ की जा रही है.

## सामान लेने जा रहे रिक्शा चालक को लोडिंग वाहन ने कुचला, मौत

इंदौर. शहर के बापट चौराहे पर लोडिंग वाहन की टक्कर से एक रिक्शा चालक की मौत हो गई. हादसे के समय वह सड़क पार कर सामान लेने जा रहा था. गंभीर रूप से घायल अवस्था में उसे अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया.

मृतक की पहचान 40 वर्षीय संतोष पिता श्रवण निवासी न्यू गौरीनगर के रूप में हुई है. परिजनों ने बताया कि वह रिक्शा चलाकर परिवार का भरण-पोषण करता था. घटना के समय उसने अपना रिक्शा किनारे खड़ा किया और पैदल रोड पार कर घर का सामान लेने जा रहा था, तभी तेज रफ्तार लोडिंग वाहन ने उसे टक्कर मार दी और चालक मौके से भाग निकला. राहगीरों की मदद से संतोष को तुरंत एमवाय अस्पताल ले जाया गया, लेकिन गंभीर चोटों के कारण उसकी जान नहीं बच सकी. मृतक अपने पीछे पत्नी और चार बेटियों को छोड़ गया है. पुलिस ने लोडिंग वाहन और उसके चालक की तलाश शुरू कर दी है.

### तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से युवक की मौत

इंदौर. तेज रफ्तार बाइक की चपेट में आने से घायल युवक की मौत के मामले में पुलिस ने जांच के बाद बाइक चालक पर गैरइरादतन हत्या का प्रकरण दर्ज कर लिया है. हादसा देवास जिले के ग्राम बांगर स्थित एक अस्पताल के सामने हुआ था. बलवन पिता बाबूलाल कहीं जा रहे थे, तभी एक तेज रफ्तार बाइक सवार ने उन्हें टक्कर मार दी. दुर्घटना में बलवन गंभीर रूप से घायल हो गए थे और इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया. पुलिस ने प्रारंभिक तौर पर मर्ग कायम कर जांच शुरू की थी. जांच के दौरान मिले वाहन नंबर के आधार पर राऊ पुलिस ने बाइक चालक की पहचान करते हुए उसके खिलाफ गैरइरादतन हत्या का प्रकरण दर्ज किया है.

## आईबस की टक्कर से युवती की मौत

इंदौर. भंवरकुआं इलाके में मंगलवार को एक दर्दनाक हादसे में सड़क पार कर रही युवती की आईबस की टक्कर से मौत हो गई. हादसे के तुरंत बाद युवती को गंभीर हालत में अस्पताल ले जाया गया, लेकिन इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया.

युवती किसी काम से सड़क पार कर रही थी, तभी तेज रफ्तार में आ रही आईबस ने उसे चपेट में ले लिया. प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक टक्कर इतनी जोरदार थी कि युवती दूर जा गिरी और सिर में गंभीर चोट आई. राहगीरों की मदद से उसे अस्पताल पहुंचाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने कुछ देर बाद उसे मृत घोषित कर दिया. युवती की पहचान और परिवार की जानकारी जुटाई जा रही है. पुलिस ने बस जब्त कर चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

**युवक की करंट लगने से मौत-** इंदौर. मूसाखेड़ी क्षेत्र में एक युवक की उस समय मौत हो गई, जब वह छत पर केबल डिश की छतरी चेक कर रहा था. आजाद नगर थाने में दर्ज रिपोर्ट के अनुसार मृतक की पहचान अंकेश पिता शिवलाल निवासी मयूर नगर, मूसाखेड़ी के रूप में हुई है.

# ब्राउन शुगर सप्लायर को पुलिस ने किया गिरफ्तार

## 1 किलो नशा खपा चुका था आरोपी, सात मामलों में था फरार

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. अवैध नशे का कारोबार करने वाले एक शातिर आरोपी को द्वारकापुरी पुलिस ने गिरफ्तार कर बड़ी कामयाबी हासिल की है. आरोपी लंबे समय से फरार चल रहा था और शहर में ब्राउन शुगर की बड़ी खेप खपाने का नेटवर्क संचालित कर रहा था.**



द्वारकापुरी पुलिस ने 30 वर्षीय शुभम उर्फ नेपाली पिता सीताराम यादव निवासी श्रद्धा-सबुरी कॉलोनी को सुपर कॉरिडोर क्षेत्र से गिरफ्तार किया. आरोपी पहले से द्वारकापुरी के सात मामलों में फरार था. पूछताछ में उसने खुलासा किया कि जेल में अय्यूब लाला निवासी हतुनिया, राजस्थान से संपर्क में आकर उसने नशे का व्यापार शुरू किया. शुभम ने बताया कि वह राजस्थान से 40-50 ग्राम ब्राउन शुगर लाकर इंदौर में सप्लाई करता था. वह एक ग्राम से 15 टोकन बनाता और एक टोकन को 400 में अपने साथियों को देता, जो उसे 500-600 में बेचते थे. आरोपी ने अब तक लगभग 1 किलो ब्राउन शुगर इंदौर शहर में खपा दी है. फरारी के दौरान वह राऊ, तुलसी नगर और उज्जैन में छिपता रहा. एक माह पूर्व मोहल्ले में हुए झगड़े में उसने अपने साथियों को भेजकर एक युवक को धमकाया भी था. मुखबिर से सूचना मिलने पर पुलिस टीम ने घेराबंदी कर आरोपी को गिरफ्तार किया, पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है.

# साथी ही निकला लूट का मास्टरमाइंड

- साजिश रचकर करवाई थी झूठी एफआईआर
- मानपुर पुलिस ने 20 दिन पुरानी घटना का पर्दाफाश



**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. नंदलाई घाटी में हुई लूट की वारदात का पुलिस ने चौंकाने वाला खुलासा किया है. फरियादी का ही साथी लूट की साजिश का मास्टरमाइंड निकला, जिसने अपने तीन साथियों से नकदी, बैग, मोबाइल और टेबलेट लुटवाए थे. मानपुर पुलिस ने तीन आरोपियों के साथ एक नाबालिग को भी गिरफ्तार किया है.**

घटना 11 जुलाई को सामने आई थी जब अजय पांचाल निवासी गुर्जरखेड़ा ने रिपोर्ट दर्ज करवाई कि तीन बाइक सवार बदमाशों ने चलती बाइक से उसके बैग में रखे 83,000 नगद, मोबाइल व टेबलेट लूट लिए. मामले में पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जैसे ही जांच शुरू की, पुलिस को शुरु से ही घटनाक्रम संदिग्ध लग रहा था. मामले में थाना प्रभारी लोकेन्द्र सिंह हिहोर ने बताया कि तकनीकी साक्ष्यों और पूछताछ में पता चला कि अजय का साथी राजेश कतिजा ही इस लूट का सूत्रधार था. उसने अपने तीन दोस्तों रितेश चमरा, विवेक कोहली और एक अपचारी बालक के साथ मिलकर वारदात को अंजाम दिया. पुलिस ने चारों को गिरफ्तार कर उनसे तीन मोबाइल हेडसेट व फरियादी का एक मोबाइल बरामद कर लिया है. बाकी सामान और घटना में उपयुक्त अपाचे बाइक जब्त कर आरोपियों पटाड़ापुरा नालछा में रहने वाला 20 वर्षीय राजेश पिता लक्ष्मण कतिजा, मानपुर की नाहरखेड़ी में रहने वाला 18 वर्षीय रितेश पिता चंदन चमार, मानपुर के ही कुवाली में रहने वाला 22 वर्षीय विवेक पिता महेश कोहली के साथ एक 17 वर्षीय नाबालिग को गिरफ्तार कर रिमांड लिया है.


BAJAJ FINSERV

**सोने के गहनों की नीलामी के लिए समाचार पत्र में सार्वजनिक सूचना**

**बजाज फाईनान्स लिमिटेड**

**पंजीकृत कार्यालयः मुंबई–पुणे रोड, अकुर्दी, पुणे–411035**

BFL सभी ऋणियों और सर्वसाधारण को सूचित करता है कि गोल्ड लोन लेते समय ऋणी ने बतौर सेक्युरिटी अपने लोन खाते में सोने के गहने गिरवी रखे और बार–बार नोटिस दिए जाने के बावजूद जो ऋणी लोन की राशि चुकाने या आवश्यक मार्जिन देने में विफल रहे उनके गहने 'जहां है जैसा है और जो है जैसा है' आधार पर नीलाम किए जाएंगे। निविदा करने वालों से अनुरोध है कि नीचे दी गई शर्तों का पालन करें:

(क) क्यूआर कोड स्कैन कर सार्वजनिक सूचना (लोन, गहनों का सकल वजन, स्थान और नीलामी की तिथि) की सम्पूर्ण जानकारी देखें।

(ख) सार्वजनिक नीलामी से संबंधित निविदा के सभी नियम और शर्तें ("टी एण्ड सी") वेबलिंक http://172.30.1.235:3000/?WOUB2QG9WU के माध्यम से पढ़ें;

(ग) नियम और शर्तें समझ लें और उसके बाद ही नीलामी की तिथि या उससे पहले बतौर अग्रिम जमा राशि रु.25,000 फंड ट्रांसफर (एनईएफटी / आरटीजीएस / बजाज गोल्ड ऑक्शन ऐप) कर दें;

(घ) नीलामी के स्थान पर सुबह 10 बजे तक व्यक्तिगत उपस्थिति दर्ज करें; तथा

(ङ) नीलामी के स्थान पर अपना पहचान और पते का वैध प्रमाण लेकर आएं।

(च) नीलामी की दिन में दोपहर 12 बजे के बाद नीलामी में भाग लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

(छ) शाखा प्रबंधक / नीलामीकर्ता को बोली लगाने वालों की भागीदारी स्वीकार या अस्वीकार करने का अधिकार है, यदि वे निर्धारित समय सीमा में भाग नहीं लेते हैं, चाहे वे अग्रिम राशि जमा राशि (ईएमडी) का भुगतान कर चुके हो।

स्कैन करें

नीलामी के स्थान और तिथि में परिवर्तन, यदि कोई हो, तो उसकी सूचना नीलामी केंद्र पर प्रदर्शित की जाएगी। आपका निविदा करना उपरोक्त शर्तों पर सहमत होना माना जाएगा। यदि सार्वजनिक नीलामी से बिक्री निलंबित / निरस्त होती है तो बीएफएल ऋणी(ऋणियों) के कहने पर निजी तौर पर गहनों की बिक्री करने का अधिकार भी सुरक्षित रखती है। अतिरिक्त जानकारी के लिए हमसे इस ईमेल आईडी पर संपर्क करे – gold.auction@bajajfinserv.in

(11-08-25) बरेली जेजे रोड GL; PCA3GOL12370379, 12561886. भोपाल–इमामी गेट रोड GL; PF46GOL12629739, 12630547, 12698031. भोपाल–मध्य प्रदेश नगर ज़ोन GL; PCA5GOL9173459, L9872010, 10213247, 12340678, 12696747, 12795948. (12-08-25) बीना – इटावा स्टेशन रोड GL; PCA6GOL12699262, 12723304. छत्तरपुर; P568GOL12052169, 12054184, 12293001, 12351932. छिंदवाड़ा लालबाग GL; PEQ1GOL12418871, 12554009, 12698553. देवास एबी रोड GL; PGG2GOL12309111, 12341040, 12362253, 12570157. गाडरवारा इंद्रा वार्ड I; PKA3GOL12762353. (13-08-25) गंज बसौदा GL; P02WGOL12409091, 12511442, 12552346, 12691979, 12720094. गुना एबी रोड GL; PEH2GOL12338147, 12383513, 12493541, 12498126, 12509980, 12506485, 12526587, 12549667, 12573494, 12568253, 12582740, 12666200. ग्वालियर सिटी सेन्टर GL; PCA7GOL11515324, 12544194, 12643326, 12816235, 12815512, 12838051. ग्वालियर डाबरा I; PKH4GOL12355919, 12507886, 12606555, 12651978. (14-08-25) ग्वालियर GL; PF25GOL12566105, 12572199, 12567463. ग्वालियर गोले का मंदिर I; PJD1GOL12666705, 12701312, 12713577, 12741031, 12839496. ग्वालियर मोरार I; PHF9GOL12670371. ग्वालियर विनय नगर GL; PEF2GOL12414685, 12478193, 12496628. हर्दा सरदार वल्लभ भाई पटेल सर्कल GL; PCA8GOL12743396. (16-08-25) होशंगाबाद मीनाक्षी चौक GL; PCA9GOL12335803, 12377185, 12570437, 12573425, 12604769, 12733004, 12763507, 12839904, 12841240. इंदौर अन्नपूर्णा रोड GL; PER2GOL12341448, 12426751, 12427437. इंदौर विजय नगर GL; PGJ9GOL12335071, 12550155, 12816012, 12834792. इटारसी GL; P03WGOL12335364, 12381571, 12518473, 12568517, 12630258, 12631391, 12634165, 12645838, 12664935, 12687106. (18-08-25) जबलपुर अशोका रोड GL; PG03GOL10054750, 10147396, 12010631, 12076542, 12259910, 12397067, 12409270, 12430352, 12513154, 12548412, 12592691, 12587949, 12632684, 12623860, 12645610, 12669103, 12716175, 12796001. जबलपुर–दीनदयाल चौक GL; PEH4GOL12457793, 12528913, 12651992, 12758919. खंडवा शिवाजी चौक GL; PCP1GOL12548610. खरगोन जवाहर मार्ग I; PJC9GOL12429871, 12566669, 12781999. मंदसौर नयापुरा रोड; P535GOL12335540, 12604912. (19-08-25) मुरैना–शिवनगर I; PJC8GOL12345840, 12353823, 12352529, 12398996, 12399561, 12436825, 12498183, 12507622, 12552580, 12644897, 12721955, 12761098, 12800251. पोरसा BGL; P14PGOL12417321, 12410486, 12430711, 12467367, 12497136, 12643573, 12667366, 12776483. रीवा BGL; P4A7GOL12360193, 12371392, 12587919, 12606951, 12625191, 12693367, 12755375. सबलगढ़; P13PGOL5591433, L5744781. (20-08-25): सागर पारकोटा; P585GOL12736631. सतना रीवा रोड GL; PCP2GOL12363071, 12565410, 12573489, 12586012, 12612929, 12603411, 12605701, 12699473, 12780884, 12780366, 12779999. शहडोल BGL; P6E0GOL12360799, 12382632, 12397973. श्योपुर शिवपुरी रोड; P38CGOL12379884, 12647655, 12835013, 12841653, 12835502. शिवपुरी – एबी रोड GL; PEH3GOL11816096, 11932815, 12012527, 12010668, 12036417, 12053430, 12296155, 12567224, 12735728. उज्जैन फ्री गंज GL; PCP4GOL12624502.

**बजाज फाईनान्स लिमिटेड**


**समस्या** — मामला वार्ड 43 के श्रीनगर कांकड़ का

# सीवरेज के लिए खोदी सड़क बनी परेशानी का सबब



इंदौर. शहर में विकास तो हो रहा है लेकिन जिस कार्य को एक महीने में पूरा हो जाना चाहिए उसी कार्य में पांच-छः महीने क्यों लग जाते हैं यह बड़ा सवाल है, लेकिन आज तक कोई भी अधिकारी इस लेटलतीफी का कारण नहीं बता पाया. गतिहीन कार्य के चलते आम लोगों को कई परेशानियों का समाना करना पड़ता है

मामला पलासिया और अनूप नगर के पीछे श्रीनगर कांकड़ क्षेत्र है जो कि वार्ड क्रमांक 43 में आता है. क्षेत्र में कुछ ऐसी गलियां भी है जहां सीवरेज की लाईन की समस्या बनी हुई थी. कई वर्षों बाद चार महीने पहले नगर निगम द्वारा सुपारी वाली गली में सीवरेज लाइन के कार्य को पूरा किया लेकिन सीवरेज के लिए खोदी गई सड़क को पूरी तरह से अधूरे में ही छोड़ दिया गया. अब बरसात में लोगों की फजीहतें हो गई है. इस क्षेत्र में जहां-जहां कार्य किया गया पूरे स्थान पर छोटे-बड़े नुकीले पत्थर बिखरे पड़े हैं. कहीं फिसलन मिट्टी तो कही गड्ढे और उसमें भरा पानी, यहां बस रहवासियों के लिए मुसीबत बनी हुई है. जो कार्य गर्मियों के मौसम में शुरू किया गया अगर उसे एक-दो महीने में ही पूरा कर दिया होता तो लोगों को बड़ी राहत मिल जाती. हमेशा अधिकारी या तो बात को टालते हैं या फिर ठेकेदार पर पूरा मामला ढोल देते हैं. वही ठेकेदार भी अपनी दूसरी मजबूरी बता कर नगर निगम अधिकारियों पर बात डाल देता है.

### इनका कहना है...



बरसात से कीचड़ फैला है, पत्थर गड्ढे इतने है कि आने-जाने में बहुत परेशानी होती है. चलते नहीं बनता है. लोग फिसल जाते हैं. कुछ बुजुर्ग तो गिर भी गए जिन्हें चोटें आई है.

**- बरकत बी**



एक महीने में कार्य पूरा करने का बोला था लेकिन अभी दो महीने से तो काम बंद है. बीमारों के लिए रिक्शा, एम्बुलेंस तक अंदर नहीं आती. कचरा गाड़ी भी अंदर नहीं आ रही.

**- राजेश सलोटिया**



पानी की समस्या दूर हो गई. अब सड़क का कार्य बचा हुआ है जो सभी के लिए मुसीबत बना हुआ है. बताते है कि बरसात बाद काम शुरू करेंगे. इसे गर्मी में ही पूरा कर देते.

**- साबिर खान**



**जल्दी कार्य करवाने की कोशिश करेंगे-** विगत बीस वर्षों से पानी की समस्या का निराकरण किया गया. सीवरेज लाइन नई डाल दी गई है. सीमेंट कंक्रीट का प्रोसीजर निगम का रहता है. हालांकि मैंने प्रपोज़ल बना कर पहुंचाया है जल्दी कार्य करवानी कोशिश करूंगी.

**- सुनीता सोनगरा, पार्षद**


**MOIL LIMITED**

मॉयल MOIL

(A GOVERNMENT OF INDIA ENTERPRISE)
CIN: L99999MH1962GOI012398
Registered & Corporate Office:
MOIL Bhawan, 1- A, Katol Road, Nagpur - 440013, Maharashtra.
Tel.: 0712 - 2806208 / 154 ◆ Fax: 0712 - 2591661
Email: compliance@moil.nic.in ◆ Website: www.moil.nic.in

**Extracts of un-audited financial results for the quarter ended 30th June, 2025**

(₹ In Lakhs)

| Sr. No. | Particulars | Quarter ended 30.06.2025 Unaudited | Quarter ended 30.06.2024 Unaudited | Year ended 31.03.2025 Audited |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Total income from operations | 34805.98 | 49284.17 | 158494.09 |
| 2 | Net profit / (loss) for the period (before tax, exceptional and / or extraordinary items) | 6382.44 | 20434.21 | 48678.21 |
| 3 | Net profit / (loss) for the period before tax (after exceptional and / or extraordinary items) | 6382.44 | 20434.21 | 48678.21 |
| 4 | Net profit / (loss) for the period after tax (after exceptional and / or extraordinary items) | 5150.58 | 15235.09 | 38163.71 |
| 5 | Total comprehensive income for the period [comprising profit / (loss) for the period (after tax) and other comprehensive income (after tax)] | 3925.00 | 15234.73 | 31851.56 |
| 6 | Equity share capital (Face value of ₹10 each) | 20348.52 | 20348.52 | 20348.52 |
| 7 | Reserve (excluding Revaluation Reserve) as shown in the Balance Sheet | 247366.33 | 240193.47 | 243441.32 |
| 8 | Earnings per share from continuing operations (Face value of ₹ 10 each) Basic | 2.53 | 7.49 | 18.76 |
| | Diluted | 2.53 | 7.49 | 18.76 |

Notes:
1. The above results, reviewed by the Audit Committee, have been approved by the Board of Directors in its meeting held on 30th July, 2025 and have been reviewed by Statutory Auditors of the company. This statement has been prepared in accordance with the Companies (Indian Accounting Standards) Rules, 2015 (Ind AS) prescribed under Section 133 of the Companies Act, 2013 and other recognised accounting practices and policies to the extent applicable.
2. The above is an extract of the detailed format of financial results for the quarter ended 30th June, 2025 filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. Financial results in detailed format are available on the websites of Stock Exchanges (www.bseindia.com and www.nseindia.com) and on the Company's website (www.moil.nic.in).
3. MOIL has no subsidiary/associate/joint venture company as on 30th June, 2025.
4. Previous period's figures have been regrouped/reclassified, wherever necessary to make them comparable. The figures for the quarter ended 31st March, 2025 is the balancing figures between the audited figures of full year and reviewed figures upto 31st December, 2024.

Scan QR Code for detailed Results

Place: New Delhi
Date : 30th July, 2025

For MOIL Limited
Sd/-
Ajit Kumar Saxena
Chairman-cum-Managing Director
DIN : 08588419

◆ हर एक काम, देश के नाम ◆
◆ MOIL - Adding Strength to Steel ◆